>

Title: Need to revive coal industries in Giridih, Jharkhand.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह): सभापति महोदय, जो विषय हम आपके माध्यम से सरकार के समक्ष रखने के लिए खड़े हुए हैं, यह विषय हमने सदन में नियम 377 के माध्यम से रखा है, जीरो ऑवर में रखा है और सबमिशन में भी रखा है। लेकिन मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

हमारे लोक सभा क्षेत्र् के अंतर्गत सैंट्रल कोल फील्ड्स लि. है। यहां लोगों को मुआवजा भी मिला, नौकरी भी मिली, चाहे वे अंगावली माइन्स हो, चलकरी माइंस हों, चाहे दामोदर रिवर डाइवर्शन का मामला हो, लेकिन अभी तक वह चालू नहीं किया है। भारत कोकिंग कोल जो हमारे लोक सभा क्षेत्र् के अंतर्गत आता है, वहां पर एरिया-4 में सलामपुर कोलियरी को बंद कर दिया गया है, अंगारपथरा को बंद कर दिया गया है। एरिया-5 में लोयाबाद कोप प्लांट को बंद कर दिया गया है और एरिया-3 में साउथ गोविंदपुर को बंद कर दिया गया और जोगीडीह माइंस को बंद किया गया है।

मैं कहना चाहता हूं कि एक तरफ सरकार को कोयले की आवश्यकता है और दूसरी तरफ इन माइंस को बंद किया जा रहा है। मेरा निवेदन है कि इन्हें तुंत चालू कराया जाए। आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।